हिन्दुस्तान 02
• हल्द्वानी • गुरुवार • 21 जून 2018 •

नशा मुक्ति केंद्र का निरीक्षण

पिथौरागढ़। हिम्रास नशा मुक्ति केंद्र पहुंचकर जिला विधिक सेवा प्राधिकरण के सचिव सिविल जज सीनियर डिवीजन मनोज कुमार द्विवेदी ने नशा मुक्ति केंद्र के मरीजों का हाल जाना। बुधवार को संस्था के अध्यक्ष कुंवर सिंह बोहरा ने अतिथियों का स्वागत किया। इस दौरान विधिक सेवा प्राधिकरण के सचिव ने भर्ती रोगियों से नशे से दूर रहने की अपील की। उन्होंने कहा नशा एक सामाजिक बुराई है। कहा नशे के कई घर बर्बाद हो चुके हैं। संस्था के अध्यक्ष ने बताया कि नशा मुक्ति केंद्र में पिछले एक वर्ष में 145 मरीज भर्ती हुए और 135 मरीज ओपीडी में आये।